कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

छत्तीसगढ़

शास्त्री चौक, पुराना मंत्रालय परिसर, रायपुर

प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर दिनांक 12.11.2026

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 01.01.2027 के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची प्रकाशित

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में चलाए जा रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के तहत आज दिनांक 12 नवंबर 2026 को सभी मतदान केंद्रों में निर्वाचक नामावली का प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

निर्वाचक नामावलियों की प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दिया गया है एवं ECINET मोबाइल एप्प एवं वोटर पोर्टल www.voters.eci.gov.in पर भी मतदान केंद्रवार निर्वाचक नामावली का प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची ऑनलाइन प्रकाशित कर दिया गया है।

निर्वाचक नामावली के प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची में निर्वाचकों की संख्या:-

आज दिनांक 12 नवंबर 2026 को प्रकाशित निर्वाचक नामावली के प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची अनुसार छत्तीसगढ़ में 1,90,16,768 मतदाता पंजीकृत है :-

पुरुष मतदाता-	महिला मतदाता-	थर्ड जेंडर	कुल
94,84,635	95,31,721	412	1,90,16,768

युक्तियुक्तकरण के पश्चात मतदान केंद्रों की संख्या:-

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण दिनांक 2 नवंबर 2026 के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 27,196 थी। युक्तियुक्तकरण के पश्चात 47 नए मतदान केंद्र बने तथा 389 मतदान केंद्रों के विलोपन के पश्चात वर्तमान में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 26,854 है।

शहरी (Urban):	ग्रामीण (Rural):	**कुल (Total):**
5,876	20,978	**26,854**

निर्वाचक नामावली के प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची में अपना नाम चेक करें :-

छत्तीसगढ़ राज्य के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि कृपया दिनांक 12 नवंबर 2026 को प्रकाशित निर्वाचक नामावली के प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची में अपना नाम एक बार जरूर चेक करें।

ऑनलाइन माध्यम से चेक करें :-

* ECINET मोबाइल एप्प के माध्यम से
* वोटर पोर्टल www.voters.eci.gov.in के माध्यम से

ऑफलाइन माध्यम से चेक करें :-

* अपने मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास
* टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 के माध्यम से

आवेदन कहां जमा करें:-

यदि निर्वाचक नामावली के प्रारूप (ड्राफ्ट) सूची में आपका नाम सम्मिलित नहीं है या आपका नाम या विवरण त्रुटिपूर्ण दर्ज है या किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में सम्मिलित हो गया है, तो आज ही ECINET मोबाइल एप्प या वोटर पोर्टल www.voters.eci.gov.in के माध्यम से **ऑनलाइन :-**

फॉर्म-6 भरें :	नया मतदाता पंजीकरण के लिए।
फॉर्म-6 (क) भरें :	प्रवासी भारतीय नागरिक (NRI) को नए मतदाता पंजीकरण के लिए।
फॉर्म-7 भरें :	निर्वाचक नामावली से नाम विलोपित (डिलीट) कराने के लिए।
फार्म-8 भरें :	प्रविष्ट में संशोधन/ स्थानांतरण /नया ईपिक कार्ड या स्वयं को दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हांकित कराने के लिए।

आप अपने क्षेत्र के मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास भी **ऑफलाइन** माध्यम से फॉर्म भरकर जमा कर सकते हैं।

पुनरीक्षण कार्यक्रम की मुख्य तिथियां:

1.	प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची का प्रकाशन:	12 नवंबर 2026
2.	दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि:	12 नवंबर 2026 से 11 दिसंबर 2026 तक
3.	दावों और आपत्तियों का निराकरण:	28 दिसंबर 2026 तक
4.	मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन:	04 जनवरी 2027

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रमुख विशेषताएं:-

- ऐसे सभी पात्र नागरिक जिनका नाम किसी भी कारण से निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं हो सका हो और दिनांक 01.01.2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी पात्र युवा, इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक नामावली अपना नाम पंजीकरण कराने हेतु फॉर्म-6 में आवेदन कर सकते हैं।
- 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरे करने वाले युवाओं के अलावा, वर्ष 2027 की आगामी तीन अर्हता तिथियों (1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर) को पात्र होने वाले युवा भी फॉर्म-6 में अग्रिम आवेदन जमा कर सकते हैं।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12 नवंबर से 11 दिसंबर 2026 तक चलाए जा रहे निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी कर अद्यतन, स्वच्छ एवं त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली के निर्माण में अपना सहयोग दें।

इस दौरान यदि आपको अपना नाम जुड़वाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई आती है तो हमारे टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल करें या अपने बूथ लेवल अधिकारी से सीधे बात करने के लिए ECINET मोबाइल एप्प पर Book a Call with BLO के माध्यम से कॉल बुक करें।

निर्वाचन से जुड़े नियमित अद्यतन (regular update) के लिए कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सोशल मीडिया Facebook, X, Instagram, threads हैण्डल्स @CEOChhattisgarh को फॉलो करें।

(यशवन्त कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
छत्तीसगढ़